हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

11 प्रगणक घर-घर जाकर 16 से करेंगे मकानों की गिनती

12 खरगे पर टिप्पणी से भड़के युकांई असम के मुख्यमंत्री का...


## खबर संक्षेप

### जिला जेल में 46 बंदियों की जांच व उपचार

**धमतरी।** जिला शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक द्वारा जिला जेल में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 46 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां वितरित की गईं। सहायक अधीक्षक एनके डहरिया ने बताया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, त्वचा व वात रोगों की जांच कर उपचार व परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ. योगेश कुमार नेताम, संजय कुमार पटेल, लीलाराम साहू सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक बनबगौद में 11 को

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बनबगौद में जिला साहू समाज के दिशा निर्देशन में परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक 11 अप्रैल शनिवार को सुबह 11 बजे होगी। साहू भवन से कलशयात्रा निकाली जायेगी। अतिथियों का सम्मान एवं सालभर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। यह जानकारी परिक्षेत्र सचिव चन्द्रहास साहू सिरौद ने दी।

### दुकानदार खुद हटाने लगे अतिक्रमण

**धमतरी।** रेलवे स्टेशन के सामने अतिक्रमण पर कार्रवाई के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। बुलडोजर चलने के बाद भोजनालय से आगे के 10 व्यवसायियों को 7 दिन में कब्जा हटाने का नोटिस दिया गया था। नापजोख में सड़क से 28 मीटर तक अतिक्रमण पाया गया। रेलवे द्वारा सख्त कार्रवाई की चेतावनी के बीच अब दुकानदार स्वयं ही अतिक्रमण हटाने में जुट गए हैं, ताकि नुकसान से बचा जा सके। तय समय सीमा के बाद रेलवे द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।

### पोषण आहार किट वितरित

**धमतरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार किट का वितरण किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में पार्षद कुलेश सोनी ने बच्चों को किट वितरित करते हुए कहा कि शिशु ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने शासन की योजनाओं को बच्चों के स्वास्थ्य व सुपोषण के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में प्रियंका साहू, अर्चना साहू, आंबा कार्यकर्ता महेश्वरी, संगीता अंगारे, ममता, डॉली देवांगन व दीपमाला गजेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# भागदौड़ से दूर सियान गुड़ी में फिर से मुस्कुराएगी जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अलग खबर

रिटायर्ड हो चुकी जिंदगी एक बार फिर लहलहाएगी। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए खुल रहे सियान गुड़ी में उन्हें हर प्रकार की सुविधा दी जाएगी। यहां पर वे न सिर्फ भजन कीर्तन कर सकेंगे, बल्कि खेलकूद, कम्प्यूटर, मोबइल चलाना भी सीख सकेंगे।

भागदौड़ की जिंदगी में बच्चे अपने माता-पिता को समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में जीवन का अंतिम पड़ाव बोरिंग और बोझिल सा महसूस होता है। वरिष्ठ नागरिकों की इस बोरिंग जिंदगी में एक बार फिर रंग भरने के लिए कृदत्त कॉलोनी में सियान गुड़ी की स्थापना की गई है। सियान गुड़ी किराए भवन में खोला गया है। इसे डे केयर सेंटर का अपग्रेड वर्जन माना जा सकता है, जहां पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर प्रकार की सुविधा होगी। दो तीन दिन के भीतर इसका लोकार्पण भी कर दिया जाएगा। अभी यहां पर 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले महिला, पुरूष वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन चल रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक आ रहे हैं, उन्हें सियान गुड़ी की सुविधा भी दी जा रही है। सियान गुड़ी का समय सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक है।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी हर प्रकार की सुविधा

### नाश्ता, खाना से लेकर रूटीन चेकअप

सियान गुड़ी में वरिष्ठ नागरिकों को हर प्रकार की सुविधा दी जाएगी। नाश्ता, खाना से लेकर रूटीन चेकअप होगा। फिजियोथेरिपी, कानूनी सलाह, मोबाइल, कम्प्यूटर चलाने की ट्रेनिंग, किताब, संगीत जैसी कई सुविधा होगी। यहां पर वरिष्ठ नागरिक अपनी जिंदगी मजे से काट सकेंगे। यही नहीं जो वरिष्ठ नागरिक कुछ नया करना चाहते हैं, उन्हें भी बढ़ावा दिया जाएगा।




### घर जैसा होगा माहौल

सियान गुड़ी का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को घर जैसा स्नेहपूर्ण, सुरक्षित और सक्रिय वातावरण प्रदान करना है, जहां वे दिनभर मनोरंजन, योग, रचनात्मक गतिविधियों के साथ भोजन और नाश्ते का लाभ उठा सकेंगे। यहां पर वरिष्ठ नागरिकों के अकेलेपन, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करना तथा उन्हें सक्रिय जीवनशैली जीने में मदद करना है।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई सामान्य सभा की बैठक

# पाइपलाइन विस्तार के बाद सड़कों की तत्काल मरम्मत करें

## अध्यक्ष अरुण सार्वा की मौजूदगी में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, विधायक ओंकार साहू धमतरी, विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम सिहावा, टीकाराम कंवर, श्रीमती पूजा सिन्हा, मोनिका देवांगन, कुलेश्वरी गायकवाड़, मीना साहू, नीलम चन्द्राकर, अजय ध्रुव, धनेश्वरी साहू, अनीता ध्रुव, गरिमा नेताम, कविता बाबर, अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, गजेन्द्र सिंह ठाकुर सीईओ जिला पंचायत उपस्थित थे।

श्री सार्वा ने जिला पंचायत सभाकक्ष एवं पदाधिकारी प्रशिक्षण कक्ष के नवीनीकरण का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सभाकक्ष केवल बैठकों का स्थान नहीं बल्कि जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों का केंद्र है। बेहतर सुविधाओं और व्यवस्थित वातावरण में होने वाली बैठकें विकास कार्यों को गति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि कई गांवों में बने सीसी रोड को पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन विस्तार के दौरान किनारों से खोद दिया जाता है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि पाइपलाइन विस्तार के बाद सड़कों की तत्काल मरम्मत करायी जाए।

इसके अलावा उन्होंने बगरुमनाला क्षेत्र में अवैध रेत खनन को गंभीर मुद्दा बताते हुए खनिज विभाग को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो पंचायत सचिव 10 वर्ष से अधिक समय से एक ही पंचायत में पदस्थ हैं, उनका अन्य पंचायतों में स्थानांतरण किया जाना चाहिए। उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने पीएचई विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने विभागीय अधिकारी को कहा। विधायक ⏩ शेष पेज 12 पर

# सड़क से लेकर स्वास्थ्य तक की समस्याओं पर युवाओं में आक्रोश



■ छत्तीसगढ़ी युवा क्रांति सेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में व्याप्त समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना ने जोरदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ भाषा में लिखे एक ज्ञापन को कलेक्टर को सौंपते हुए उन्होंने सभी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करने की मांग की है। गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचे छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना के सदस्यों ने बताया कि धमतरी जिले में सुविधाओं का बुरा हाल है। बदहाल सड़क से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिले में अवैध तरीके से नशे का व्यापार फलफूल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति तो और भी गंभीर है। अस्पताल में शौचालय से लेकर बिस्तर तक खराब हालत में है। अवैध उत्खनन, राइस मिल, कोयला भट्ठा से प्रदूषण से लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। इन समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए हुए उन्होंने आमदी मार्ग, नगरी मार्ग, अछोटा से तेंदूकोना मार्ग, सोरम भटगांव से गंगरेल, बोरिदकला, बेलतरा मार्ग, सरकारी अस्पताल के दुरूस्तीकरण की मांग की। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, जिले के सभी मुख्य स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस, हर पंचायत भवन में लाइब्रेरी की मांग रखी।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ ग्राम उसरवारा की घटना

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम उसरवारा निवासी फूलचंद कुंजाम उम्र 34 वर्ष व लोकेश मंडावी उम्र 39 वर्ष गुरुवार की रात्रि बाइक में सवार होकर किसी काम से पुरुर जा रहे थे। इसी दौरान उसरवारा स्कूल चौक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने बाइक को चपेट में लेते हुए जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है जिसे हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा उपचार के लिए तत्काल गुरुर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर वरदान परामर्श सेवा समिति के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और शवों को गुरुर मर्च्यूरी पहुंचाने में सहयोग किया। इस घटना के बाद पूरा गांव शोक में डूब गया है। पुरुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# तीन सटोरिये गिरफ्तार मोबाइल व नकदी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

जीरो टालरेंस नीति के तहत पुलिस ने तीन स्थानों पर दबिश देकर तीन सटोरियों को नकदी व मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है।

सिटी कोतवाली पुलिस ने सट्टाविरोधी विशेष अभियान चलाते हुए शहर के अलग अलग स्थानों में दबिश देकर जुआ, सट्टा संचालित कर रहे तीन आरोपी को रंगेहाथ पकड़ कार्रवाई की है। पुलिस की पहली कार्रवाई श्रीराम नगर में हुई, वहां पर स्थित सेन समाज भवन के पीछे सार्वजनिक स्थान पर आरोपी ललित मिश्रा पिता कमल उम्र 29 वर्ष रिसाईपारा धमतरी निवासी द्वारा अंकों के माध्यम से सट्टापट्टी लिखकर जुआ खिलाते पाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन नग सट्टापट्टी, एक नग मोबाइल फोन कीमत 6 हजार रुपए व नकदी 1600 रुपए कुल 7600 रुपए जब्त किए गए।

पुलिस की दूसरी कार्रवाई बस स्टैंड के सामने हुई, जहां आरोपी पारस प्रसाद पाठक पिता गंगाप्रसाद उम्र 28 वर्ष स्टेशनपारा धमतरी निवासी को सट्टा-पट्टी के माध्यम से जुआ संचालित करते रंगेहाथ पकड़ा है। इस दौरान आरोपी के कब्जे से पांच नग सट्टापट्टी, एक नग मोबाइल कीमत 5 हजार व नकदी 1310 रुपए कुल 6310 रुपए बरामद किए गए।

पुलिस ने सट्टा के खिलाफ तीसरी कार्रवाई आमतालाब रोड में स्थित यादव निवास के पास की है। इस दौरान आरोपी श्रीकांत पटेल पिता महेन्द्र उम्र 30 वर्ष शिवचौक बनियापारा धमतरी निवासी को सार्वजनिक स्थान पर सट्टापट्टी लिख जुआ खिलाते पाया गया। आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टापट्टी, एक नग मोबाइल कीमत 10 हजार रुपए व नकदी 2250 रुपए कुल 12250 रुपए जब्त किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में कोतवाली थाना में छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6(क), 6(ख) एवं 11 के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर आरोपी ललित मिश्रा, पारसप्रसाद पाठक व श्रीकांत पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।






# ग्रामसभा में ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधान के तहत 14 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

ग्राम सभाओं में पूर्व बैठक में पारित प्रस्तावों की प्रगति समीक्षा, पंचायतों के आय-व्यय का अनुमोदन तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही पंचायत कर प्रणाली को ऑनलाइन करने, संपत्ति कर निर्धारण तथा पंचायत के बकाया प्रकरणों पर भी चर्चा होगी। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, जागरूकता अभियान तथा आवश्यक दंडात्मक प्रावधानों पर विशेष विचार किया जाएगा। अविवादित नामांतरण, बंटवारा, जन्म-मृत्यु पंजीयन, सार्वजनिक संपत्तियों के पंजीयन एवं पंचायत उन्नति सूचकांक के प्रदर्शन पर भी चर्चा की जाएगी। स्वच्छता, मुक्तिधामों में सुविधाओं की व्यवस्था, टीबी मुक्त भारत अभियान तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जैसे विषय भी बैठक के प्रमुख एजेंडे में शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न की जानकारी भी सार्वजनिक रूप से साझा की जाएगी।

ग्राम सभा की कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग कर जीएस निर्णय मोबाइल एप में अपलोड की जाएगी तथा सभासार पोर्टल के माध्यम से एआई आधारित कार्रवाई विवरण तैयार किया जाएगा।

**14 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होगी ग्रामसभा**



## 2.8 करोड़ पौधों ने लिखी समृद्धि की नई कहानी

# औषधीय खेती से बदली गांवों की तकदीर

■ छग में वन विभाग और औषधि पादप बोर्ड की पहल से किसानों को मिला नया रोजगार, कम लागत में बढ़ी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





विकास मरकाम

वन विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है, वहीं घरों की बाड़ी और शहरी क्षेत्रों में हर्बल गार्डन विकसित करने के लिए भी पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर रोपण किया गया है, जिससे हरियाली और जैव विविधता को बढ़ावा मिल रहा है।

वन विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की पहल से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2025-26 में राज्य की 11 नर्सरियों के माध्यम से 9 प्रकार के औषधीय पौधों के लगभग 2.8 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इन पौधों में वच, ब्राह्मी, सतावर, गुंजा, अनंतमूल, मंडूकपर्णी, स्टीविया, कुलंजन और सर्पगंधा जैसे महत्वपूर्ण औषधीय पौधे शामिल हैं, जिनका उपयोग स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी हो रहा है। पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज और मदर प्लांट का उपयोग किया गया है, जिससे इनकी जीवित रहने की क्षमता अधिक बनी हुई है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीणों के लिए यह एक स्थायी आजीविका का माध्यम बनता जा रहा है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने इस उपलब्धि पर बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम और उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला को बधाई देते हुए इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि यह हमारी पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति को भी मजबूत कर रही है। 2.8 करोड़ पौधों का उत्पादन हमारे लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आने वाले समय में हम अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड द्वारा किसानों को प्रशिक्षण, पौधों की उपलब्धता और बाजार से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, ताकि औषधीय खेती को एक सशक्त आर्थिक मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### कुंडेल में परिक्षेत्र साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**मगरलोड।** परिक्षेत्र साहू संघ करेली बड़ी का वार्षिक सम्मेलन 10 अप्रैल शुक्रवार को ग्राम कुंडेल में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेशराम साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ होंगे। अध्यक्षता रोहित साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ मगरलोड, टोमन लाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ करेली बड़ी करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि मीना साहू सभापति जिला पंचायत, वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत, कुसुमलता साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, महेन्द्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत करेली बड़ी, लालाराम साहू मंदिर समिति अध्यक्ष राजिम, लक्ष्मीकांता साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य व विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ होंगे। सुबह 9 बजे संत माता कर्मा की कलश यात्रा, 11 बजे अतिथि स्वागत व उद्बोधन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में परिक्षेत्र साहू समाज करेली बड़ी के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### बिरझुली में मना भाजपा का स्थापना दिवस

**मगरलोड।** भाजपा मंडल मगरलोड के बूथ बिरझुली और कुसुमखुटा बूथ में पंचायत स्तरीय भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रामायण सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि ने भाजपा के इतिहास और संघर्षों की कहानी पर ग्रामीणों को संबोधित किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। भाजपा द्वारा एक साल में किए जाने वाले 6 कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं को संकल्पित किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष बिसाल सिन्हा, शंकर साहू, चमनलाल सिन्हा, टोमन यदु, संतराम साहू, डॉ रमन साहू, ओमप्रकाश साहू, रोहित ध्रुव, संतोष ध्रुव, भूपेंद्र साहू, धनेंद्र साहू, सालिक सिन्हा, बलदेव मरकाम, परमेश्वर यादव, रुपेश पटेल, लीलेश्वर ध्रुव, टोकेश्वर साहू, नेतराम ध्रुव, दिनेश ध्रुव, भूपेश ध्रुव, रजऊ सिन्हा उपस्थित थे।

## निधन

### ठाकुर राम साहू

**धमतरी।** ग्राम छुही के प्रतिष्ठित नागरिक ठाकुरराम साहू का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे उत्तम साहू के पिताजी तथा कौशिक के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पाइपलाइन विस्तार के...

ओंकार साहू ने मोंगरागहन मार्ग में बने डामर और गिट्टी के उखड़ने की शिकायत पर गंभीरता व्यक्त करते हुए जांच के निर्देश दिए। उन्होंने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और नोटिस जारी करने सीईओ जिला पंचायत को कहा। विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने नगरी क्षेत्र में लगातार गिरते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। उन्होंने पीएचई विभाग को इस दिशा में तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरी और गट्टासिल्ली स्थित रेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग मोनिका देवांगन ने जिले के निजी अस्पतालों में पदस्थ डॉक्टरों की संख्या तथा निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग की। सभापति अजय ध्रुव सहित अन्य सदस्यों ने जिला अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं में लापरवाही पर कार्रवाई करने की मांग की। सदस्य कविता बाबर ने कहा कि कई विभाग बैठकों में अधूरी जानकारी प्रस्तुत करते हैं। विभाग प्रमुखों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित होना चाहिए। नीलम चंद्राकर ने कहा कि किस पंचायत से गौण खनिज मद में कितनी राशि प्राप्त हुई है तथा कितना रेत खनन किया गया है, इसकी सूची उपलब्ध कराएं। बैठक में चंदन टंडन लेखाधिकारी, नकुल प्रसाद वर्मा उपसंचालक पंचायत, रामनारायण राठौर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कोसरिया मरार समाज सिहावा राज का स्नेह सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

कोसरिया मरार (पटेल) समाज सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ सिहावाराज का स्नेह सम्मेलन आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे से सामाजिक भवन कोसरिया मरार समाज सांकरा में रखा गया है। मुख्य अतिथि अमर सिंह पटेल संरक्षक को.म.स. छग प्रदेश होंगे। अध्यक्षता कन्हैयालाल कौशल अध्यक्ष को.म.स. सिहावाराज करेंगे। विशेष अतिथि लतखोर पटेल, नारायण पटेल, कुंजलाल पटेल सलाहकार, नरेश कौशल प्रवक्ता, बेदन पटेल संगठन मंत्री, झाड़ूराम पटेल, जनक पटेल, राजेश नाथ गोसाई सभापति जपं नगरी, नागेन्द्र बोरझा होंगे। आयोजन की तैयारी में सिहावाराज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाशरण पटेल, भुनेश्वर पटेल, राजू पटेल उपाध्यक्ष, युवराज पटेल सचिव, नरेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष, सिहावा राज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कामिनी पटेल, चित्ररेखा पटेल उपाध्यक्ष, खूबलेश्वरी सचिव, धनेश्वरी पटेल कोषाध्यक्ष, क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, रामशरण पटेल, भानु पटेल, नकुल पटेल, निलेश पटेल, ललित पटेल, चन्द्रशेखर पटेल जुटे हैं।

# मानस शक्ति केंद्र छुही ने जगन्नाथ को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मानसगान के सकुशल व्याख्याकार जगन्नाथ साहू के निधन पर शक्ति केंद्र छुही के अध्यक्ष राममिलन साहू, टिकेश्वर साहू, राजकपूर सेन, संतोष, लक्ष्मण, महेंद्र, खेमलाल, चंद्रहास, भरत अग्निवंशी, फागूराम, हेमंत, गोपाल साहू, देवेंद्र, श्रीमती कलीदेवी, क्षमादेवी तथा सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा की संगठनात्मक मजबूती को सुदृढ़ बनाए एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने होमेंद्र साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा नई कार्यकारिणी सूची प्रस्तावित कर जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया गया । उक्त सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया जिसे अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष होमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रूपचंद साहू, उपाध्यक्ष मीलूराम साहू, अनुसुईया रात्रे, परमेश्वरी साहू, यतीश सिन्हा, दीनू पटेल, सागर गौर, सचिव रीना निषाद, धर्मिन यादव, देवराज नेताम, अनिल निर्मलकर, हिमांचल साहू, विजय साहू, जागेश्वर प्रसाद, सोहन साहू, यादोराम साहू, मीना लक्ष्मीनारायण साहू, महामंत्री लेखराम यादव, मनोज कुमार साहू,जितेन्द्र जांगड़े, मुकेश साहू, समीर गौर, भूषण साहू, सुरेन्द्र सिन्हा, विनय साहू बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में दाऊराम साहू, सुलोचनी साहू, बलिराम कोसरिया, संतोष साहू, राकेश बार एवं मनोज साहू शामिल हैं।

# उपभोक्ताओं को गैस रिफिलिंग कराने में आ रहीं दिक्कतें



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

कोर्रा क्षेत्र में आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। शासन व्दारा रोज नए-नए नियम बनाए जा रहे हैं। पहले उपभोक्ताओं को 25 दिन में रिफिलिंग कराने का मौका मिलता था जिसे अब 45 दिन कर दिया गया है। 45 दिन पूरा होने के बाद जब ओटीपी आता है तो गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए लम्बी कतार लगानी पड़ रही है। दो से तीन दिन बाद गैस की रिफिलिंग हो पा रही है। आम उपभोक्ताओं को गैस रिफिलिंग कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# भैंसमुंडी में गायत्री यज्ञ का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम भैंसमुंडी (कुरूद) में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 से 10 अप्रैल तक प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गांव के राम जानकी चौक में जारी है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में 5 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ किया जा रहा है। संध्या 5 बजे संगीत प्रवचन किया जाता है। आज 10 अप्रैल शुक्रवार को यज्ञ का समापन होगा। तीसरे दिन परमानंद यादव ने मन को केंद्रित करने के लिए गायत्री मंत्र को महत्वपूर्ण बताया। आगे बताया कि जिव्हा का उपयोग मीठा वचन बोलने में करें। मीठा वचन दवाई के समान असर करता है और कड़वा वचन तीर के समान है।





## अंचल की खबरें

### भाजपाइयों ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी



**नगरी।** भाजपाइयों ने गांव, बस्ती चलो अभियान के तहत नगरी मंडल अंतर्गत शक्तिकेंद्र डोंगरडुला में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास व उज्ज्वला गैस योजना व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनका श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया व सभी को भाजपा ध्वज भेंट किया। कार्यक्रम में शक्तिकेंद्र प्रभारी रामगोपाल साहू, मुख्य वक्ता जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, सहप्रभारी राजेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष पेमन साहू, बूथ अध्यक्ष लच्छूराम नेताम, प्रताप साहू, अनराज साहू, श्यामलाल साहू, गोविन्द तिवारी, मन्नू प्रजापति, लखन साहू, मोहित साहू, रघुबर साहू, हिमाचल साहू, गजेन्द्र साहू, कुमारी बाई सेन, समिता साहू, देवकी साहू, उषा साहू, चंद्रिका ध्रुव, चमेली साहू उपस्थित थे।

### सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर दिया जोर





**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा का सम्मेलन गंगाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन व प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में उनके निज निवास श्रद्धा सदन भैंसबोड़ (अंवरी) में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। सम्मेलन में पेंशनरों की समस्याओं, धारा 49 (6) को हटाने एवं संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन में उद्बोधन के साथ -साथ गीत, कविता एवं भाषण का भी समावेश किया गया था। मौके पर अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य, सचिव शत्रुहन लाल साहू, कोषाध्यक्ष ईश्वर कंवर सहित तहसील इकाई भखारा के सदस्य उपस्थित थे। आभार व्यक्त गंगाप्रसाद साहू ने किया।

### तेंदूभाठा में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



**मगरलोड।** मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत ग्राम पंचायत कोरगांव के आश्रित ग्राम तेंदूभाठा में 5.20 लाख रुपए से सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। मौके पर जनपद सदस्य श्रीमती हेमलता ध्रुव, सरपंच पोखनलाल पटेल, उपसरपंच श्रीमती धनेश्वरी यादव, पंच टिकेश्वर साहू, भारतलाल ध्रुव, हीराराम, यशोदा ध्रुव, फागिनी ध्रुव, मोनिका ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष चेतनलाल साहू, सचिव रामेश्वर साहू, तुलाराम साहू, ग्रामीण पटेल डिलेश्वर साहू, जीतराम साहू, कोमल साहू, रामकुमार ध्रुव, पूर्व सरपंच रामेश्वरी नेताम सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13 एवं 15 में हुआ भूमिपूजन

# चालीस लाख से होगा माता तालाब का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 15 एवं 13 स्थित शीतला मंदिर के समीप माता तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य अब शुरू हो गया है। वर्षों से चली आ रही इस मांग को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है, जिससे नगरवासियों में खुशी का माहौल है।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विभागीय मंत्री अरुण साव द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद कुमार यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद हरीश साहू, लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव, चेलेश्वरी साहू, नरेश पटेल, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नगर व्यवस्था समिति के सचिव दीपेश निषाद, महिला अध्यक्ष अनुसूया साहू, दीनदयाल यादव, योगेश साहू, खेलूराम साहू उपस्थित थे।

### सौंदर्यकरण के तहत होंगे ये प्रमुख कार्य

तालाब के चारों ओर आकर्षक चेकर टाइल्स का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही पचरी की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण, टोवाल सहित पिचिंग कार्य और स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण का निर्माण किया जाएगा।

### धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र

माता तालाब नगर की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। पर्व-त्योहारों के दौरान यहां विशेष आयोजन भी किए जाते हैं। सौंदर्यकरण के बाद श्रद्धालुओं को और बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

### निस्तारी का भी प्रमुख स्रोत

यह तालाब दोनों वार्डों के लिए दैनिक उपयोग का महत्वपूर्ण स्रोत है, जिससे इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। माता तालाब का यह सौंदर्यीकरण कार्य न केवल नगर की सुंदरता को नई पहचान देगा, बल्कि यह धार्मिक आस्था और विकास के संगम का प्रतीक बनकर उभरेगा। आने वाले समय में यह स्थल नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी ग्रा-01, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202602130100007 अ/74
वर्ष 2025-26
ग्राम सोरम प.ह.नं. 48

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सोरम आवेदक पंचुराम पिता शोभाराम जाति तेली, निवासी ग्राम सोरम तहसील व जिला धमतरी के द्वारा भू-दान से प्राप्त भूमि ग्राम सोरम प.ह.नं.-48 तहसील व जिला धमतरी स्थित खसरा नंबर 998/1, रकबा 0.12 हे. को अनावेदक संजय भट्टाचार्य पिता एन.पी. भट्टाचार्य, निवासी आमातालाब एकता नगर धमतरी के पास भूमि विक्रय अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत उक्त आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया है जो कि इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदनार्थ श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय धमतरी के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, कंपनी, निकाय आदि को कोई उपर दावा वा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 20/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से आज दिनांक 06/04/2026 जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त न्यायाधीश कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

न्याय. /क्यु/क्रमांक दिनांक 06/04/2026
प्रो. क्र.- 578/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि अपीलार्थी खुमान सिंह ने एक व्यवहार वाद अपील धारा 96 सी.पी.सी. का निम्न न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कुरूद में पारित निर्णय दिनांक 08/04/2024 के विरुद्ध प्रस्तुत किया है, जिसका अपील व्यवहार वाद क्रमांक अपंजीकृत है, तथा प्रकरण का नाम खुमान सिंह बनाम अनंद उर्फ आनंद राम वगैरह है, तथा उत्तरवादी क्रमांक 01 अनंद उर्फ आनंद राम पिता बैजनाथ सिंह कंवर उम्र नमालूम निवासी ग्राम जोरातराई, कास्तकारी ग्राम सेलदीप, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 09 आम जनता जो भी हितबध्द पक्षकार हो कि उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 04/05/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 और 09 की उपस्थिति हेतु नियत की गई है, नियत पेशी तारीख को आप उत्तरवादीगण स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराकर के दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, किसी कारण से पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है, तो अगले दिन उक्त प्रकरण की पेशी में उपस्थिति दर्ज करावें। नियत पेशी तारीख के पश्चात कोई दावा स्वीकार नही होगा।

(राधेश्याम ध्रुव)
अतिरिक्त जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त न्यायाधीश कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)

# नगरी विकासखंड के गोरेगांव क्षेत्र में नल जल योजना अधूरी

## ठेकेदारों पर कार्रवाई और जिम्मेदारी तय करने की मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के गोरेगांव क्षेत्र में अधूरी पड़ी नल जल योजना को लेकर पीएचई विभाग के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर स्वच्छ जल अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी के कारण प्रभावित हो रही है।

आरोप लगाया कि जहां सरकार ग्रामीण क्षेत्र तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए अरबों रुपये खर्च कर रही है, वहीं विभागीय अधिकारियों की कमजोर मॉनिटरिंग के चलते कई जगह पानी टंकियों का निर्माण अधूरा पड़ा है और पाइपलाइन भी पूरी नहीं हो पाई है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

जीवनलाल ने कहा कि ठेकेदारों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और कुछ मामलों में अधिकारियों द्वारा उन्हें संरक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि अपूर्ण कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

अधूरे कार्यों के चलते पंचायत प्रतिनिधियों को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में उदासीन बने हुए हैं। जीवनलाल ने सुझाव दिया कि अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को निरस्त कर पंचायतों को ही निर्माण एजेंसी बनाते हुए आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि तय समयसीमा में कार्य पूर्ण हो सके और हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी ने निकाली नक्सलियों की प्रतीकात्मक शवयात्रा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त किए जाने के दावे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बीसीएस पीजी कॉलेज परिसर में प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने नक्सलवाद के खिलाफ शव को कंधे पर लेकर परिसर में भ्रमण किया और नारेबाजी की। बाद में शव रखकर छात्रों को नक्सलमुक्ति की जानकारी दी गई। जिला संयोजक हितेश धृतलहरे, रोहण सिन्हा, वैशाली प्रजापति, आर्यन राव व मनदीप सिंह ने कहा कि नक्सलवाद का अंत हो चुका है और यह कार्यक्रम उसी का प्रतीक है।

### जैन स्थानक भवन में नवकार मंत्र का जाप

**धमतरी।** विश्व नवकार मंत्र दिवस पर सिहावा चौक स्थित जैन स्थानक भवन में सामूहिक जाप का आयोजन किया गया। सुबह 8:10 से 9:36 बजे तक जैन समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने एक साथ नवकार मंत्र का उच्चारण किया। इससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति और सकारात्मकता से भर गया। कार्यक्रम में अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष आकाश गोलछ ने बताया कि नवकार मंत्र जैन धर्म का मूल मंत्र है, जो पंच परमेष्ठी अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु की वंदना का प्रतीक है। यह मंत्र समता, अहिंसा, विनम्रता और विश्व बंधुत्व का संदेश देता है।

### परिवाहन आरक्षक भर्ती 21 केंद्रों में होगी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा परिवहन विभाग के अंतर्गत परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आगामी 19 अप्रैल को लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। बस्तर जिले में इस परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी संचालन के लिए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा का आयोजन निर्धारित रविवार 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए पूरे जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर छिकारा ने परीक्षा के सफल संचालन के मद्देनजर नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख ब्रजभूषण देवांगन और आशीष साहू को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही सभी 21 केंद्रों के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 13 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आगामी 13 अप्रैल को कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित होगी, जिसमें जिले के संबधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक अप्रैल महीने के दूसरे हफ्ते की समय-सीमा बैठक के साथ रखी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा से जुड़े पुराने कार्यों की समीक्षा करना और आने वाले समय के लिए नई योजनाएं बनाना है।

### योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए श्रमिक सम्मेलन आज

**जगदलपुर।** श्रम विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंजीकृत श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 10 अप्रैल को वीर सावरकर भवन में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि का चेक वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### 21 को योग शिविर

**जगदलपुर।** पतंजलि योग परिवार 21 अप्रैल से शहर के 21 स्थानों पर 21 दिवसीय इंट्रेग्रेटेड मेगा योग शिविर का आयोजन कर रहा है। रेलवे कॉलोनी के मां काली मंदिर परिसर में बैठक में समिति का गठन किया।

## डिजिटल जनगणना की शुरुआत

# प्रगणक घर-घर जाकर 16 से करेंगे मकानों की गिनती

■ परिवारों से 34 प्रकार की जानकारियां एकत्रित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



वर्ष 2026-27 की जनगणना प्रक्रिया जिले में औपचारिक रूप से शुरू हो गई है, जिसे इस बार पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में संचालित किया जा रहा है। प्रशासन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है, जिनमें तहसीलदार, नगर पंचायतों के सीएमओ और निगम आयुक्त शामिल हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में यह व्यापक कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

पहले चरण में 16 से 30 अप्रैल तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की गिनती करेंगे और परिवारों से 34 प्रकार की जानकारियां एकत्रित करेंगे। इसके लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को पूर्व में प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि डेटा संग्रहण सटीक और व्यवस्थित हो सके। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है, जिससे कार्य की निगरानी सुनिश्चित रहे।

जनगणना को आसान बनाने के लिए इस बार ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा भी दी गई है। 16 से 30 अप्रैल तक लोग स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में लगभग 10 से 15 मिनट का समय लगेगा और फार्म भरने के बाद 11 अंकों की एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी। जब प्रगणक घर पहुंचेंगे, तो केवल इस आईडी के आधार पर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

जिले में भवन नंबरिंग का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है, जिससे हर मकान और उसमें रहने वाले परिवारों की पहचान स्पष्ट हो सकेगी। किरायेदार, छात्र-छात्राएं और अन्य अस्थायी निवासी भी जहां रह रहे हैं, वहीं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

दूसरे चरण में 1 मई से 30 मई तक घर-घर जाकर विस्तृत जनगणना की जाएगी। जिन परिवारों ने ऑनलाइन जानकारी नहीं दी होगी, उनसे सीधे संपर्क कर विवरण एकत्रित किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि डिजिटल प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ेगी और योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे।

# स्टेशनपारा में जमीन पर बैठकर महापौर ने सुनी समस्याएं

■ अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महापौर रामू रोहरा ने शहर के स्टेशनपारा के नाम से प्रसिद्ध औद्योगिक वार्ड का सघन दौरा कर वहां की मूलभूत समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एक चबूतरे पर जमीन में बैठकर वार्डवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

वार्डवासियों ने सफाई व्यवस्था में सुधार, नालियों की नियमित सफाई, पानी निकासी की समस्या, सड़कों की मरम्मत सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। महापौर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। जलभराव और गंदगी की समस्या पर नाराजगी जताते हुए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

महापौर रामू रोहरा ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था और नालियों की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से इसका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास पक्के मकान नहीं हैं, वे इस योजना के माध्यम से अपना स्वयं का घर बना सकते हैं और नगर निगम इसमें हरसंभव सहयोग करेगा।

### रामू मामा के नाम से बच्चों के बीच लोकप्रिय

महापौर रामू रोहरा का आमजनों के साथ-साथ बच्चों के बीच भी खासा जुड़ाव देखने को मिलता है। शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में जब भी वे पहुंचते हैं, बच्चे उन्हें रामू मामा और रामू अंकल कहकर घेर लेते हैं। स्टेशनपारा के औद्योगिक वार्ड में उनके दौरे के दौरान भी कुछ ऐसा ही आत्मीय दृश्य देखने को मिला। जैसे ही महापौर वार्ड में पहुंचे, आसपास के बच्चे उत्साह के साथ उनके पास आ गए और उनसे बातचीत करने लगे। महापौर ने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

## बस स्टैंड का नाम रानी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर रखने की मांग



■ मराठा समाज ने महापौर रामू रोहरा को प्रस्ताव सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मराठा समाज ने महापौर रामू रोहरा से नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम महान समाज सेविका एवं आदर्श शासक राजमाता रानी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर रखने की मांग की है। इस संबंध में एक प्रस्ताव सौंपा।

समाज के प्रतिनिधियों ने आवेदन में कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की एक प्रेरणादायक शख्सियत रही हैं। उनके शासनकाल में जनकल्याण, धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए गए। उन्होंने न केवल अपने राज्य का कुशल संचालन किया, बल्कि देशभर में धार्मिक स्थलों के निर्माण और पुनर्निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। यदि नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम रानी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर रखा जाता है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात होगी। आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों और कार्यों से प्रेरणा मिलेगी। प्रतिनिधियों ने समाज भवन के निर्माण हेतु आवश्यक राशि उपलब्ध कराने की भी मांग महापौर से की।

इस दौरान मराठा समाज अध्यक्ष दीपक लोंढे, शिरोमणि राव घोरपड़े, पार्षद नम्रता माला पवार, सतीश पवार, विनोदराव रणसिंह, महेंद्र गायकवाड़, सतीश जाधव, सुशांत पवार, किरण होलकर, रजनी जगताप, संगीता जगताव, सौरभ रणसिंह, शिवाजी भोसले, अशोक कावडे, लोकेश पवार, निरूपमा भान्डुलकर, रश्मि पवार, नरेद्र शिंदे, राजू पवार, बबला घाटगे उपस्थित थे।

## रामलला दर्शन के लिए 30 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



■ श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति, उत्साह और खुशी झलकी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत नगरी क्षेत्र से श्रद्धालुओं का एक पवित्र जत्था भगवान श्रीराम के दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना किया गया। जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत नगरी के लगभग 30 श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर यात्रा के लिए विदा किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभा हाल में स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य सभापति राजू गोसाई, रामगोपाल साहू, खेमेन्द्र साहू, लखन साहू, पार्षद अश्वनी निषाद, मंडल महामंत्री, सुलोचना साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, कमल डागा एवं जनपद पंचायत के सीईओ रोहित सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित यह तीर्थयात्रा योजना अत्यंत सराहनीय है, जिसके माध्यम से आमजन को भगवान श्रीराम के पावन धाम अयोध्या के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

श्रद्धालुओं को नगरी से निजी बस के माध्यम से रायपुर रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया, जहां से उन्हें विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति, उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। भक्ति और सेवा का सुंदर उदाहरणयह तीर्थयात्रा न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करने का माध्यम है, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी सोच का भी प्रतीक है।

## स्कूटी प्रशिक्षण से बदली यामिनी की जिंदगी



**धमतरी।** ग्राम खपरी की निवासी यामिनी साहू आज अपने क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर आत्मनिर्भरता की नई पहचान स्थापित की है। जिला प्रशासन एवं प्रथम संस्था के संयुक्त सहयोग से आयोजित स्कूटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर यामिनी ने सफलतापूर्वक ड्राइविंग कौशल सीखा। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने न केवल स्कूटी चलाना सीखा, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी विकास किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद यामिनी ने केवल स्वयं तक ही सीमित न रहकर अपने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। वर्तमान में वे महिलाओं को स्कूटी चलाने का प्रशिक्षण दे रही हैं, साथ ही उन्हें जागरूक कर रही हैं कि वे भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकती हैं।

# शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

■ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष तारिणी ने जारी की सूची





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने नई शहर ब्लॉक की कार्यकारिणी पर मुहर लगाई है। ब्लॉक एक के शहर अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने बताया कि इसमें सभी वर्गों को प्राथमिकता के साथ शामिल कर बेहतर संतुलन बैठाने का काम किया गया है। कार्यकारिणी में युवा चेहरों को तरजीह दी गई है, साथ ही अनुभव का मिश्रण भी है। मातृ शक्ति को भी ध्यान में रखते हुए यह कार्यकारिणी बनाई गई है। कोषाध्यक्ष मनीष जैन गोटी, उपाध्यक्ष चंदन रजक, पवन वाधवानी, अजय डहरिया, सलीम भाटी, ज्ञानचंद सिन्हा, वीरू महाजन, महामंत्री देवेंद्र देवांगन, राजू शेख, श्रीमती गयाश्री सिन्हा, शंकर माखीजा, जय गिदवानी, हेमंत सेन, अकील अहमद, जगमोहन ध्रुव, सचिव निखिल राहुजा, डिकेश देवांगन, अनस गोरी, नीतू कोर्राम, सूर्या महावर, अनिल कुर्रे, कुणाल यादव, संतोष साहू, अयान हाशमी, यशवंत पटेल बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में गोपाल कामड़े, जैनुद्दीन रिजवी, श्याम देवांगन, किशन निर्मलकर, लोकेश लहरे, अजय मानिकपुरी शामिल है। कार्यकारिणी में कुल 31 सदस्यों को पदाधिकारी बनाया गया है। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, हर्षद मेहता, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, आनंद पवार, विजय देवांगन, नीशु चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, कविता बाबर, सलीम रोकड़िया, आलोक जाधव, विजय गोलछा ने हर्ष जताया है।

# श्री कृष्णा-रूक्मणि की निकली बारात, झूमे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

■ अटंग में श्रीमद्भागवत महापुराण जारी

ग्राम अटंग में खम्हन प्रसाद, हेमंत, कोमल, अश्वनी शुक्ला परिवार के तत्वाधान में श्रीमद्भागवत महापुराण 4 से 11 अप्रैल तक आयोजित है। कथा के चौथे दिन वामन चरित्र, समुद्र मंथन की कथा सुनाई गई। कथा प्रवचन के दौरान वामन भगवान की झांकी भी निकाली गई। भगवताचार्य सुप्रसिद्ध कथावाचक राज पुरोहित महागौरी मंदिर कटघोरा कोरबा के पंडित टंकेश दुबे कथा प्रवचन कर रहे हैं। कृष्ण भजन में भक्तगण झूमते गाते नजर आए।

कथावाचक ने श्री कृष्ण और रूक्मणि विवाह की कथा सुनाई। कंस वध की कथा और गोपी संवाद भी सुनाया। उन्होंने अपनी कथा में बताया कि रुक्मणि विवाह की कथा भगवान श्रीकृष्ण और विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणि के निश्छल प्रेम और साहसी मिलन की कहानी है। रुक्मणि ने कृष्ण को मन ही मन पति मान लिया था, लेकिन उनका भाई रुक्मी उनका विवाह शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणि के संदेश पर कृष्ण ने उन्हें द्वारका लेकर आने के पश्चात धूमधाम से विवाह किया और वे उनकी पटरानी बनीं। कथा सुनने काफी संख्या में भक्तगण पहुंचे रहे। श्री कृष्ण और रूक्मणि विवाह की कथा को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालु शादी की पूरी रस्म का पालन करते हुए खुशियों से झूम उठे। बारात निकाली गई। तेल, हल्दी सहित अन्य रस्मों को उत्साह के साथ मनाया और झांकी निकाली। अटंगवासी इस दृश्य को देख अत्यंत हर्षित हुए और भगवान कृष्ण के भजनों में झूमने लगे।

## बच्चों ने न्योता भोज में भजिया, बड़ा खाया

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गिरौद की मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन समूह के अध्यक्ष, सदस्यों द्वारा हनुमान जयंती पर बच्चों को न्योता भोज के रूप में भजिया, बड़ा खिलाया गया। शिक्षकों द्वारा हनुमान जी की महिमा और भजन सुनाया गया। मौके पर प्रधानपाठक माखनलाल साहू, शिक्षक कमलनारायण निषाद, हरेंद्र साहू, गीता, मानकुंवर उपस्थित थे।

# महिलाओं के लिए निःशुल्क कार ड्राइविंग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



डीबी स्कील योजना के अंतर्गत नगर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क कार ड्राइविंग प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना एवं उन्हें आत्मविश्वास के साथ वाहन चलाने की कला सिखाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकती हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, साथ ही सफल प्रतिभागियों को ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रदान किया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 15 से तीन दिवसीय उमंगोत्सव समर कैंप

**धमतरी।** शिवसिंह वर्मा संकुल केंद्र में 15 से 17 अप्रैल तक तीन दिवसीय उमंगोत्सव 2026 समर कैंप का निःशुल्क आयोजन किया जाएगा। कैंप में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक, स्वास्थ्य व व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियां होंगी। 15 अप्रैल को जुंबा, योग व नैतिक शिक्षा, 16 को स्किन व डेंटल केयर तथा 17 को क्ले आर्ट, चित्रकारी व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आयोजकों ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### धन की सार्थकता दान और सेवा में : लेखराम

**धमतरी।** ग्राम अटंग में शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत



महापुराण कथा में लेखराम साहू शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। कथावाचक पं. टंकेश दुबे ने भगवान वामन और राजा बलि प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। लेखराम साहू ने कहा कि धन की सार्थकता दान और सेवा में है। कार्यक्रम में खम्मन प्रसाद शुक्ला, हेमंत शुक्ला, कमल शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### हितेश ने 22 हजार से अधिक बार किया नवकार महामंत्र का लेखन

**धमतरी।** विश्व नवकार दिवस पर जैन समाज में आध्यात्मिक वातावरण के बीच हितेश चोपड़ा ने अपनी साधना से विशेष पहचान बनाई है। वे पिछले तीन वर्षों से नवकार महामंत्र का निरंतर लेखन कर रहे हैं और अब तक 22,222 बार लिख चुके हैं। उनकी यह साधना अनुशासन, धैर्य और अटूट आस्था का उदाहरण बन गई है। हितेश को इस साधना की प्रेरणा गुजरात के गिरनार तीर्थ में एक जैन संत से मिली। बिना दिखावे के वे निरंतर इस आध्यात्मिक कार्य में जुटे हुए हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

### कांग्रेस पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण व सम्मान समारोह कल

**धमतरी।** संगठन सृजन अभियान 2025-26 के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों का पदभार ग्रहण व सम्मान समारोह 10 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे राजीव भवन में होगा। इस दौरान नव पदाधिकारियों का स्वागत कर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी।

### छात्र शक्ति ही देश का भविष्य : ओंकार

**धमतरी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि एनएसयूआई ने छात्र हितों की रक्षा, शिक्षा सुधार और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1971 में स्थापित यह संगठन युवाओं को नेतृत्व का मंच देता रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि छात्र शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक ऊर्जा है, जो देश का भविष्य संवारती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

"झाला वारना", "खोल भरने" और "घरवा" की परंपराएं सादगी व आत्मीयता के साथ पूरी

# उपहार ग्रुप ने बेटी की शादी से पूर्व की रस्में निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बेटी को उपहार ग्रुप द्वारा लालबगीचा वार्ड निवासी हेमलता के विवाह पूर्व पारंपरिक झाला वारना एवं खोल भरने की रस्में सादगी और गरिमा के साथ संपन्न कराई गईं। इस अवसर पर समूह की महिलाओं ने बेटी के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए उसे उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान सदस्य नेहा गोयल ने घरवा की रस्म निभाते हुए हेमलता को नोज पिन और सुहाग सामग्री भेंट की तथा स्नेहपूर्वक आशीष दिया। इस भावुक पल ने पूरे वातावरण को आत्मीय बना दिया।

ज्ञात हो कि करीब चार वर्ष पूर्व हेमलता की माता के आकस्मिक निधन



के बाद उनके पिता श्रवण सेन को परिवार की जिम्मेदारियां अकेले संभालनी पड़ीं। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच बेटी का विवाह तय होना खुशी के साथ चिंता भी लेकर आया।

परिस्थिति की जानकारी मिलने पर बेटी को उपहार ग्रुप ने आगे आकर विवाह हेतु आवश्यक सामग्री, वस्त्र और अन्य उपहार उपलब्ध कराए।

इस दौरान समूह की सदस्य रसीला बेन दोशी, प्रभा रावत, सूर्या लुंकड़, रीता लुंकड़, कविता राठी, नेहा गोयल और डॉ. सरिता दोशी उपस्थित रहीं। समूह की संरक्षक प्रभा रावत ने बताया कि वर्ष 2016 से शुरू इस पहल के तहत अब तक 20 बेटियों के विवाह में सहयोग किया जा चुका है।

कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर आक्रोश जताया

# खरगे पर टिप्पणी से भड़के युकांई असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।





प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी न केवल एक वरिष्ठ दलित नेता का अपमान है, बल्कि देश के एससी-एसटी समाज की भावनाओं को भी आहत करने वाली है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ बताते हुए कड़ी निंदा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयानों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया।

मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, प्रदेश प्रवक्ता राकेश मौर्या, प्रदेश सचिव उदित साहू, उपाध्यक्ष गीतराम सिन्हा, प्रवीण साहू, यश राजपूत, आशीष साहू, यश डागा, ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, वातांजलि गोस्वामी, योगेश्वर साहू, अजय सिन्हा, तोगु साहू, लोकेन्द्र सिन्हा, तिलक भारती, अविनाश मरोठे, आशीष शर्मा, विष्णु महावर, अनिल पटवा, गौतम यादव, महेश्वर पटेल, कोमल सूर्यवंशी, देवव्रत यादव, राहुल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गैस एजेंसी में अब भी उमड़ रही भीड़

- युद्ध विराम के बाद राहत की उम्मीद, गैस सप्लाई सुधरने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम होने और युद्ध विराम की स्थिति बनने के बाद अब घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में सुधार के संकेत मिलने लगे हैं। हालांकि फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है और उपभोक्ताओं को अभी भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर की गैस एजेंसियों पर रोजाना भारी भीड़ देखी जा रही है।

पिछले दिनों सप्लाई प्रभावित होने के कारण गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ गई थी। इसके चलते बुकिंग और डिलीवरी के बीच का समय भी बढ़ा दिया गया है। वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में लगभग 25 दिन और ग्रामीण इलाकों में 35 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। इस देरी से उपभोक्ताओं में असंतोष और चिंता का माहौल बना हुआ है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि रोजाना सीमित संख्या में



सिलेंडर पहुंच रहे हैं, लेकिन समय पर आपूर्ति नहीं होने से समस्या बढ़ रही है। बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर होम डिलीवरी दी जा रही है, फिर भी एजेंसी में भीड़ कम नहीं हो रही। कई बार व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस की मदद भी लेनी पड़ रही है। इधर कंपनी द्वारा ई-केवाईसी और अग्रिम बुकिंग को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे प्रक्रिया और सख्त हो गई है। बिना आवश्यक कोड के सिलेंडर जारी नहीं किया जा रहा। कुछ उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन भुगतान के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं मिलने की शिकायत की है। वहीं कुछ गैस एजेंसी की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बताई जा रही है, जहां नियमित रूप से सिलेंडर वितरण जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में सप्लाई पूरी तरह सामान्य हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

## 2011 के पूर्व शिक्षकों को टेट से मुक्त रखा जाए



- टेट के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ने दिल्ली में हुंकार भरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक पात्रता के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ममता खालसा एवं जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी गुप्ता ने भी अपनी आवाज बुलंद की।

कहा कि 1 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट का आदेश जारी किया गया। 2011 के बाद ही यह नियम लागू होना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा कि भर्ती नियम के तहत योग्यता को पास कर सभी शिक्षकों ने इस शिक्षक पद को प्राप्त किया है। यदि ऐसे नियम बीच में बदलते रहे तो फौजी, पुलिस , आईपीएस, आइएएस को 25 -30 साल बाद उन्हें कहा जाए कि आपको फिर से परिक्षा दिलानी पड़ेगी, यह उचित नहीं है। ममता खालसा ने बताया कि टेट के विरोध में पूरे भारत देश से 22 लाख शिक्षकों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में हुंकार भरी।

छत्तीसगढ़ से 80,000 शिक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर पर 22,00000 शिक्षक प्रभावित होंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 2011 के पूर्व शिक्षकों को टेट से मुक्त रखा जाए।

तीन माह का राशन बना सिर दर्द

## भंडारण संकट से जूझे गरीब दुकानों में चावल खत्म



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से तीन माह का राशन एकमुश्त वितरण करने की योजना अब जमीनी स्तर पर कई गरीब परिवारों के लिए परेशानी का कारण बनती दिख रही है। जिले के लाखों कार्डधारियों को एक साथ अधिक मात्रा में चावल मिलने से जहां सरकारी दुकानों का स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है, वहीं दूसरी ओर हितग्राही भंडारण की समस्या से जूझ रहे हैं।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई परिवारों का कहना है कि छोटे मकानों और सुरक्षित भंडारण की कमी के कारण वे इतना चावल लंबे समय तक संभाल नहीं पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में अनाज खराब होने और कीड़े लगने की आशंका के चलते कई लोग मजबूरी में अपने हिस्से का चावल बाजार में बेच रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कुछ परिवार दो माह का चावल बेचकर केवल एक माह का ही अपने पास रख रहे हैं, जिससे उन्हें उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा।

इधर राशन दुकानदारों का कहना है कि एकमुश्त वितरण के चलते कुछ ही दिनों में दुकानों का स्टॉक खत्म हो गया है। नई खेप आने में समय लगने से कई हितग्राहियों को राशन मिलने में देरी हो रही है। हालांकि विभाग द्वारा आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए परिवहन संसाधनों में वृद्धि की जा रही है।

## आरटीई, फीस और मान्यता प्रक्रिया में सुधार की मांग

- निजी स्कूल संचालकों का सरकार को अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के अशासकीय विद्यालय संचालकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सरकार के समक्ष एकजुट होकर ठोस समाधान की मांग तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के बैनर तले संचालकों ने आरटीई, शैक्षणिक व्यवस्था, मान्यता प्रक्रिया और आर्थिक मुद्दों पर व्यापक सुधार की आवश्यकता बताई है।

संघ का कहना है कि वर्तमान में आरटीई के तहत केवल कक्षा पहली में प्रवेश देना व्यावहारिक नहीं है। नर्सरी या केजी स्तर से ही प्रवेश की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई की निरंतरता बनी रहे। साथ ही आरटीई अंतर्गत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि को बढ़ाने और समय पर भुगतान करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है।

संचालकों ने शैक्षणिक कैलेंडर को सत्र की शुरुआत में जारी करने और पूरे वर्ष उसी के अनुरूप संचालन की बात कही है। बार-बार बदलाव से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके अलावा पाठ्यपुस्तकों की समय पर उपलब्धता, उन्हें खुले बाजार में भी उपलब्ध कराने तथा 5वीं और 8वीं कक्षा में फेल का प्रावधान लागू करने की मांग रखी गई है। अशासकीय विद्यालयों की मान्यता प्रक्रिया को सरल बनाकर पांच वर्षों के लिए जारी करने, ऑनलाइन एंट्री में विलंब शुल्क कम करने और निजी स्कूलों के शिक्षकों को भी शासकीय शिक्षकों की तरह प्रशिक्षण देने की आवश्यकता जताई गई है। साथ ही डी.एड और बी.एड पाठ्यक्रम दूरस्थ माध्यम से संचालित करने का सुझाव दिया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से कई बार मुलाकात कर चुके हैं। शासन स्तर पर चर्चाएं सकारात्मक रही हैं और जल्द समाधान की उम्मीद जताई जा रही है। संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

## नहाने गया युवक नहर में डूबा, मौत



**धमतरी।** दोस्तों के साथ नहाने के लिए रूद्री बरॉज गया युवक नहर के तेज बहाव में फंस गया। इस घटना में युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार जोधापुर वार्ड निवासी विशाल कोसले पिता राजेश कोसले उम्र 21 वर्ष 12वीं कक्षा में पढ़ता था। बुधवार की दोपहर विशाल मुहल्ले के अपने चार दोस्तों आकाश बंजारे, योगेश डहरिया, जतिन कोसले व गौरव अडिल के साथ नहाने के लिए रूद्री बरॉज गया था। सबसे पहले विशाल नहाने के लिए नहर में उतर गया जहां पानी का तेज बहाव होने के कारण तैर नहीं पाने से वह डूब गया। उसे पास में नहा रहे लोगों की मदद से पानी से बाहर निकाला गया। उसके दोस्तों ने रूद्री से आटो लाकर युवक को गंभीर हालत में श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद योगेश ने दुकान जाकर चाचा प्रकाश को घटना की सूचना दी। अस्पताल में भर्ती युवक का लगभग 5 घंटे उपचार चला। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराका परिजनों को सौंप दिया है।

- दोस्तों के साथ रूद्री बरॉज गया था

## निस्तारी के लिए पानी की मात्रा बढ़ी अब 3500 क्यूसेक छोड़ा जा रहा

**धमतरी।** रुद्री सिंचाई विभाग ने किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए पानी की आपूर्ति बढ़ा दी है। एसडीओ पेमेश सिन्हा ने बताया कि निस्तारी के लिए पहले 2500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था, जिसे बढ़ाकर अब 3500 क्यूसेक कर दिया गया है। अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार मांग बढ़ने पर पानी की मात्रा में और वृद्धि की जा सकती है, जिससे किसानों को राहत मिलेगी।

## विश्व शांति का संदेश बना नवकार महामंत्र : मोटवानी

**धमतरी।** जैन समाज के पवित्र नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के अवसर पर देशभर में शांति और एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी विश्व स्तर पर मानव समुदाय को शांति का संदेश देने की पहल सराहनीय रही। नगर निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष व आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने सकल जैन समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट



और युद्ध जैसी परिस्थितियों में नवकार महामंत्र मानवता को शांति का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को अपनाकर समाज में भाईचारा बढ़ाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने लोगों से मितव्ययी जीवनशैली अपनाने और ईंधन जैसी समस्याओं से उबरने का संदेश भी दिया।

## जिलास्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता 12 से

- पंजीयन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल

**धमतरी।** जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने और नए खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिलास्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता 12 अप्रैल से स्थानीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गंगरेल में होगी। इसके लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें आयु की कोई बाध्यता नहीं होगी। प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में आयोजित की जाएगी। जिले में पहली बार बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को नई खेल गतिविधियों से जोड़ना और उनके कौशल का विकास करना है। इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुरूद, मगरलोड, नगरी या जिला खेल कार्यालय धमतरी में करा सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:- स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
मो.नं. : 9993010732
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
(मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020